**आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)**
**प्रादेशिक समाचार**

**1910 शुक्रवार** **15.11.2024**

मुख्य समाचारः—

1— प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भगवान बिरसा मुंडा की जयंती, जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर बिहार के जमुई से छह हजार छह सौ करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं का शुभारंभ किया।

2— मुख्यमंत्री ने जनजातीय समुदाय से ताल्लुक रखने वाले बैगा, गुनिया और सिरहा को मुख्यमंत्री सम्मान निधि के तहत प्रतिवर्ष पांच हजार रूपए की आर्थिक सहायता प्रदान करने की घोषणा की।

3— उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने मुंगेली में आयोजित कार्यक्रम में राज्य के शहरी आवासहीनों के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के दूसरे चरण के हितग्राही सर्वेक्षण का शुभारंभ किया।

4— देशभर में गुरु नानक जयंती और कार्तिक पूर्णिमा धार्मिक आस्था और उल्लास के साथ मनाई जा रही है।

प्रधानमंत्री—जनजातीय गौरव दिवस

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जनजातीय गौरव दिवस पर आज बिहार के जमुई में छह हजार छह सौ करोड़ रुपये से अधिक की कई विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने कहा कि इन परियोजनाओं का उद्देश्य जनजातीय समुदायों का उत्थान और ग्रामीण तथा दूरदराज के क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे में सुधार करना है।

धरती आभा बिरसा मुंडा के इस भव्य स्मरण के बीच आज छह हजार करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया हुआ है। इनमें मेरे आदिवासी भाई—बहनों के लिए करीब डेढ लाख पक्के घरों की स्वीकृति पत्र हैं।

श्री मोदी ने भगवान बिरसा मुंडा के जीवन और समृद्ध आदिवासी विरासत और संस्कृति पर आधारित एक प्रदर्शनी का भी उद्घाटन किया। इस मौके पर उन्होंने स्मारक सिक्का और डाक टिकट भी जारी किया। प्रधानमंत्री ने दो जनजातीय स्वतंत्रता सेनानियों के संग्रहालय और दो जनजातीय अनुसंधान संस्थानों का भी उद्घाटन किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार जनजातीय समुदाय की विरासत और संस्कृति के संरक्षण के लिए प्रतिबद्ध है। सरकार ने पीएम जनमन और धरती आबा जनजातीय उत्कर्ष ग्राम अभियान शुरू किया है।

देश के 60 हजार से अधिक आदिवासी गांवों के विकास के लिए एक विशेष योजना हमने शुरू की धरती आभा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान। इसके तहत करीब 80 हजार करोड रुपए आदिवासी गांवों में लगाए जाएंगे। इसका मकसद आदिवासी समाज तक जरूरी सुविधाएं पहुंचाने के साथ—साथ युवाओं के लिए ट्रेनिंग और रोजगार के अवसर बनाने का भी है।

प्रधानमंत्री ने इस अवसर पर आदिवासी बहुल जिलों में बिरसा मुंडा गौरव उपवन शुरू करने की घोषणा की।

मुख्यमंत्री—जनजातीय गौरव दिवस

बिहार के जमुई में हुए इस कार्यक्रम का छत्तीसगढ़ में रायपुर सहित सभी जिला मुख्यालयों में सीधा प्रसारण किया गया। प्रदेश के जिला मुख्यलयों में आयोजित कार्यक्रमों में लोगों ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रधानमंत्री के संबोधन को सुना। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय भी रायपुर के साईंस कॉलेज ग्राउंड में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। प्रधानमंत्री के उद्बोधन के बाद मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा

आदिवासी समाज के लिए किए जा रहे कार्यों उल्लेख किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने घोषणा की, कि प्रदेश में राज्य के जनजातीय समुदाय से ताल्लुक रखने वाले बैगा, गुनिया और सिरहा को मुख्यमंत्री सम्मान निधि के तहत प्रतिवर्ष पांच हजार रूपए की आर्थिक सहायता दी जाएगी। मुख्यमंत्री ने जनजातीय गांवों में धार्मिक और मांगलिक कार्यक्रमों अखरा निर्माण विकास योजना शुरू करने और जनजातीय समुदाय के शहीदों की प्रतिमाएं चिन्हित स्थानों पर स्थापित किए जाने की भी घोषणा की।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने जनजातीय समुदाय के विभूतियों, शहीदों और स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिजनों को सम्मानित किया। इस अवसर पर अंतर्राज्यीय आदिवासी लोक नृत्य महोत्सव में छत्तीसगढ सहित विभिन्न राज्यों के लोक नृत्य दल के कलाकारों द्वारा आदिवासी संस्कृतियों की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम में आदिमजाति विकास विकास मंत्री रामविचार नेताम और राज्यसभा सदस्य अरूण सिंह और विधायक भी उपस्थित थे।

वहीं, जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर प्रदेश के विभिन्न जिलों में भी कार्यक्रम आयोजित किए गए। दंतेवाड़ा जिले के गीदम स्थित जावंगा ऑडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम में विधायक किरण सिंह देव शामिल हुए। कार्यक्रम में स्कूली छात्र–छात्राओं ने लोक नृत्यों की प्रस्तुति दी।

<u>प्रधानमंत्री आवास योजना–सर्वे</u>

उप मुख्यमंत्री और नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव ने आज मुंगेली में आयोजित कार्यक्रम में राज्य के शहरी आवासहीनों के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के दूसरे चरण के हितग्राही सर्वेक्षण का शुभारंभ किया। विभाग के मुताबिक केन्द्रीय आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के प्रथम चरण में आवासहीन हितग्राहियों को आवास की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। ऐसे हितग्राही जिन्हें प्रथम चरण में आवास की सुविधा नहीं मिल पाई है और जो अभी तक आवास की सुविधा से वंचित है, उन्हें द्वितीय चरण प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) में सर्वेक्षण के माध्यम से चिन्हांकित किया जाएगा। साथ ही हितग्राहियों को आवास के लिए आवेदन की प्रक्रिया और आवास उपलब्ध कराए जाने की कार्यवाही की जाएगी। इस योजना के माध्यम से ईडब्ल्यूएस, एलआईजी और एमआईजी परिवारों को उनके पहले पक्के आवास के सपने को पूरा करने के लिए आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी।

<u>मुख्यमंत्री–औद्योगिक नीति</u>

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कल छत्तीसगढ़ की नई औद्योगिक विकास नीति का विमोचन किया। राज्य सरकार ने केन्द्र सरकार के विजन दो हजार सैंतालीस की परिकल्पना को साकार करने और राज्य के औद्योगिक विकास को नई गति देने के उद्देश्य से नई औद्योगिक विकास नीति की घोषणा की है। यह नीति बीते एक नवंबर से लागू हो चुकी है। इस नीति के माध्यम से राज्य के युवाओं के लिए कौशलयुक्त रोजगारों का सृजन करते हुए अगले पांच वर्षों में पांच लाख रोजगार देने का लक्ष्य रखा गया है। इस नीति में स्थानीय श्रमिकों को औपचारिक रोजगार में परिवर्तित करने के लिए प्रशिक्षण प्रोत्साहन का प्रावधान किया गया है। इसमें एक हजार से अधिक रोजगार देने वाली इकाइयों को विषेष प्रोत्साहन देने की बात कही गई है। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि नई औद्योगिक नीति रोजगारपरक है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार, अनुसूचित जाति और जनजाति वर्ग के युवाओं को स्व–रोजगार उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। इन वर्गों के उद्यमियों को मात्र एक रूपये प्रति एकड़ की दर पर औद्योगिक क्षेत्रों में भूमि दी जाएगी। यदि कोई उद्योग एक हजार से अधिक युवाओं को रोजगार देता है, तो उसे बी–स्पोक पॉलिसी के तहत और अधिक रियायतें मिलेंगी।

मुख्यमंत्री–निशा यादव

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बिलासपुर की पर्वतारोही निशा यादव को आज फोन कर यह भरोसा दिलाया है कि अफ्रीका की सबसे ऊंची चोटी किलिमंजारो को फतह करने के उनके सपने आर्थिक तंगी के कारण नहीं रूकेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य शासन इस अभियान के लिए निशा यादव को जरूरी आर्थिक सहायता प्रदान करेगी और सरकार उसका यह सपना पूर करेगी। इस अवसर पर निशा ने मुख्यमंत्री को बताया कि वह अफ्रीका महाद्वीप की सबसे ऊंची चोटी किलिमंजारो को फतह करना चाहती हैं और उनका अंतिम लक्ष्य माउंट एवरेस्ट पर तिरंगा फहराने का है। मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ की हर एक बेटी का सपना पूरा करना राज्य सरकार की जिम्मेदारी है।

माओवादी–स्मारक ध्वस्त

बीजापुर जिले में सुरक्षा बल के जवानों ने कोंडापल्ली गांव के पास माओवादियों द्वारा बनाए गए दो स्मारकों को ध्वस्त कर दिया है। पुलिस ने बताया कि कोंडापल्ली के नये कैंप से डीआरजी, एसटीएफ, कोबरा और सीआरपीएफ की संयुक्त टीम तलाशी अभियान पर निकली थी। इसी दौरान कोंडापल्ली गांव के पास माओवादियों द्वारा तीस और बीस फीट ऊंचे दो स्मारक बनाए गए थे, जिसे सुरक्षाबल के जवानों ने जेसीबी की मदद से ध्वस्त कर दिया।

गुरूनानक जयंती/कार्तिक पूर्णिमा

सिखों के प्रथम गुरु और सिख पंथ के संस्थापक गुरुनानक देवजी की जयंती आज छत्तीसगढ़ सहित देशभर में हर्षोल्लास के साथ मनाई जा रही है।

गुरु नानक का जन्म नानकशाही कैलेंडर में कार्तिक माह की पूर्णिमा के दिन हुआ था। इस मौके पर राजधानी रायपुर सहित प्रदेश के विभिन्न जिलों में नगर–कीर्तन निकाला गया।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आज रायपुर के खालसा स्कूल में प्रकाश पर्व पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों विशेषकर सिख समुदाय के लोंगों को बधाई और शुभकामनाएं दीं।

वहीं, आज कार्तिक पूर्णिमा भी है। इस मौके पर श्रद्धालुओं ने नदियों में पवित्र स्नान कर भगवान शिव की आराधना की। इस अवसर पर राजधानी रायपुर सहित प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर मेले भी लगाए गए हैं। रायपुर के महादेवघाट स्थित खारून नदी के तट पर पुन्नी मेले का आयोजन किया जा रहा है। सुबह से ही महादेवघाट में श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया था। यहां के प्राचीन हटकेश्वरनाथ शिव मंदिर में भी श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर महादेव घाट पहुंचकर श्री हटकेश्वर महादेव और मां काली के दर्शन किए। मुख्यमंत्री ने पवित्र महादेव घाट में कार्तिक स्नान के लिए जुटे श्रद्धालुओं को कार्तिक पूर्णिमा की शुभकामनाएं दीं।

संक्षिप्त समाचार

– राज्यसभा सांसद देवेन्द्र प्रताप सिंह को केन्द्र सरकार द्वारा गठित विद्युत मंत्रालय की सलाहकार समिति के सदस्य नियुक्त किया गया है।

– प्रदेश में् विलुप्त हो रहे वन्यजीवों के संरक्षण के उद्देश्य से आज नवा रायपुर स्थित अरण्य भवन में गिद्ध संरक्षण पर कार्यशाला का आयोजन गया। कार्यशाला में विभिन्न राज्यों में गिद्ध संरक्षण के लिए कार्य कर रहे विशेषज्ञों और शोधार्थियों ने गिद्धों के संरक्षण को लेकर अपने अनुभव साझा किए।

– राजधानी रायपुर के सिलियारी स्वास्थ्य केंद्र को राष्ट्रीय स्तर के मानक का उच्चतम अंक यानि एन.क्यू.ए.एस. सर्टिफिकेट प्राप्त हुआ है।

– छत्तीसगढ़ आधार सेवा समिति के आह्वान पर प्रदेश के सभी आधार ऑपरेटर अपनी सात सूत्रीय मांगों को लेकर अट्ठारह नवंबर से तीन दिवसीय सांकेतिक हड़ताल पर रहेंगे।

– बलरामपुर जिले के ग्राम दहेजवार के बंद पड़े फ्लाई ईट भट्टे के पास तीन नर कंकाल मिले हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

– बस्तर ओलंपिक के अंतर्गत उसूर में विकासखंड स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

– कोरबा जिले के ग्राम अमझर में भालू के हमले से एक ग्रामीण मौत हो गई है।

– मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय कल राजधानी रायपुर के मेडिकल कॉलेज सभागार में राज्यसभा के पूर्व सांसद स्वर्गीय श्रीगोपाल व्यास की श्रद्धांजलि सभा में शामिल हुए।

– रायपुर जिले में चौबीस केन्द्रों पर आयुष्मान कार्ड बनाए जाएंगे। मुख्य चिकित्सा और स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर मिथिलेश चौधरी ने सभी नागरिकों का आयुष्मान कार्ड बनाने के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><>